वी.यू. में देशी नस्ल की गायों के अनुवांशिक सुधार प्रोजेक्ट पर काम तेज

प्रदेश में गौ- शाला प्रोजेक्ट पर नानाजी देशमुख वेटनरी साइंस यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अपना काम तेज कर दिया है। राज्यपाल से मिली हरी झंडी के बाद इस प्रोजेक्ट को अब दोगुनी रफ्तार मिल गई है। गौ- शाला के एमब्रियू (गौ- शाला की देसी गायों के भ्रूण प्रत्यारोपण से आनुवंशिक सुधार) प्रोजेक्ट की कमान संभाल रहे वि.वि. के मुखिया कुलपति माननीय डॉ. एस. पी. तिवारी ने अब मैदानी स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है।

आज सुबह - सुबह वि वि के कुलपति डॉ. एस. पी. तिवारी अपनी टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित की जा रही गौ- शालाओं का भ्रमण करने के लिए पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्र मझौली में संचालित दादा मृगनाथ गौ- शाला में भ्रमण करने के साथ- साथ यहां पर गौ- वंश की मौजूदा स्थिति देखी और यहां के संचालक से चर्चा की। इसके बाद सिहोरा गोसलपुर स्थित सम्मेदगिरी गौ- शाला पहुंचे जहां पर प्रोजेक्ट के लिए जाने वाले गौ- वंश की स्थिति देखने के बाद संचालक से इस प्रोजेक्ट में सहयोग करने की बात कही। इस पर संचालकों ने भरोसा दिया की वे हर संभव मदद इस प्रोजेक्ट में वि.वि. को करेंगे।

भ्रमण में ये रहे शामिल - सम्मेदगिरी गौ-शाला प्रभारी अधिकारी डॉ. नीता मिनौचा, दादा मृगनथ, गौ-शाला के संचालक दत्त महाराज, डॉ. विष्णु गुप्ता प्रभारी अधिकारी दादा मृगनाथ गौ-शाला व कुलपति के पीएस श्री रौनक मिश्रा शामिल रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर

वी.यू . में देशी नस्ल की गायों के अनुवांशिक सुधार प्र ोजेक्ट पर काम ते ज़

प्रदेश में गौ - शाला प्रोजेक्ट पर नानाजी देशमुख वेटनरी साइंस यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अपना काम तेज कर दिया है। राज्यपाल से मिली हरी झंडी के बाद इस प्रोजेक्ट को अब दोगुनी रफ्तार मिल गई है। गौ - शाला के एमब्रियू (गौ - शाला की देसी गायों के भ्रूण प्रत्यारोपण से आनुवंशिक सुधार) प्रोजेक्ट की कमान संभाल रहे वि .वि . के मुखिया कुलपति माननीय डॉ . एस . पी . तिवारी ने अब मैदानी स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है।

आज सुबह -सुबह वि वि के कुल पति डॉ . एस . पी . तिवारी अपनी टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित की जा रही गौ - शालाओं का भ्रमण करने के लिए पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्र मझौली में संचालित दादा मृगनाथ गौ - शाला में भ्रमण करने के साथ - साथ यहां पर गौ - वंश की मौजूदा स्थिति देखी और यहां के संचा लक से चर्चा की। इसके बाद सिहोरा गोसलपुर स्थित सम्मेदगिरी गौ - शाला पहुंचे जहां पर प्रोजेक्ट के लिए जाने वाले गौ - वंश की स्थिति देखने के बाद संचालक से इस प्रोजेक्ट में सहयोग करने की बात कही। इस पर संचालकों ने भरोसा दिया की वे हर संभव मदद इस प्रोजेक्ट में वि .वि . को करेंगे।

भ्रमण में ये रहे शामिल - सम्मेदगिरी गौ -शाला प्रभारी अधिकारी डॉ . नीता मिनौचा , दादा मृगनथ , गौ -शाला के संचालक दत्त महाराज , डॉ . विष्णु गुप्ता प्रभारी अधिकारी दादा मृगनाथ गौ -शाला व कुलपति के पीएस श्री रौनक मिश्रा शामिल रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे .प.चि.वि.वि, जबलपुर